भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

राज्यसभा

तारांकित प्रश्न संख्या - 46

दिनांक 04 फरवरी, 2026 के लिए प्रश्न

नांदेड़, महाराष्ट्र में समर्पित सहकारी दुग्ध संघ

***46. डॉ. अजित माधवराव गोपछड़ेः**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय ने महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में डेयरी संभावना और छोटे दुग्ध उत्पादकों के व्यापक आधार को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार और अन्य संबंधित हितधारकों के साथ समन्वय करके जिले में एक समर्पित सहकारी दुग्ध संघ बनाने के संबंध में पहल की है या ऐसा करने का उसका विचार है; और

(ख) क्या इस संबंध में कोई व्यवहार्यता अध्ययन किया गया है या तत्संबंधी सांकेतिक समय-सीमा तैयार की गई है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) और (ख) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

'नांदेड़, महाराष्ट्र में समर्पित सहकारी दुग्ध संघ' विषय पर दिनांक 04.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 46 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख) किसी भी राज्य में डेयरी सहकारी परिसंघों की स्थापना करना संबंधित राज्य के सहकारी सोसाइटी अधिनियम के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आता है। महाराष्ट्र सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, नांदेड़ में जिला सहकारी दुग्ध परिसंघ के पंजीकरण हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

****